**बिहार सरकार**

**ऊर्जा विभाग**

पत्रांकः–प्र02 / बोर्ड विविध–43 / 2012– पटना, दिनांकः–

सेवा में,

**महालेखाकार (लेखा एवं हक), बिहार,**
वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना।

विषयः– **विद्युत अधिनियम, 2003 के प्रावधानों के अंतर्गत बिहार राज्य विद्युत बोर्ड का कम्पनी एक्ट, 1956 के अनुसार पुनर्गठित बिहार स्टेट पावर (हो0) कम्पनी लिमिटेड एवं उसके चार अनुषंगी कम्पनियों के अंशधारकों को नामित करने के संबंध में।**

आदेशः– स्वीकृत।

विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों के अनुपालन में ऊर्जा विभाग, बिहार के संकल्प संख्या–999 दिनांक 06.03.2012 के आलोक में राज्यादेश संख्या–1436 दिनांक 29.03.2012 द्वारा पुनर्गठित पाँच कम्पनियों यथा एक (होल्डिंग) कम्पनी तथा चार अनुषंगी कम्पनियों हेतु अंशधारक नामित किये गए हैं। कालांतर में बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड एवं उसकी चार अनुषंगी कम्पनियों के अंशधारक के स्थानान्तरण के पश्चात् वर्त्तमान में बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड / उसकी चार अनुषंगी कम्पनियों का अंशधारक निम्न प्रकार नामित किया जाता हैः–

| **पूर्व में नामित अंशधारक** | **बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या / तिथि** | **वर्तमान में उक्त पद पर पदस्थापित पदाधिकारी** | **अवधि** |
|---|---|---|---|
| श्री संजय कुमार सिंह, सचिव, वित्त विभाग, बिहार सरकार। | बिहार सरकार के अधि0सं0–1पी0–1001 / 2026–सा0प्र0–14932 दिनांक–17.08.2026 बिहार सरकार के अधि0सं0–1पी0–1001 / 2026–सा0प्र0–14935 दिनांक–17.08.2026 | श्री विनय कुमार, प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार सरकार। | दिनांक–18.08.2026 से |

ऊर्जा विभाग के राज्यादेश संख्या–1436, दिनांक–29.03.2012 एवं राज्यादेश संख्या–3076, दिनांक–08.06.2026 को यथा अनुरूप संशोधित समझा जाए।

विश्वासभाजन,

ह0 / –
**(सुधा गुप्ता),**
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांकः–प्र02 / बोर्ड विविध–43 / 2012– 4737 / पटना, दिनांकः– 18.09.2026

प्रतिलिपिः–सचिव, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली / प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार सरकार / अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर (हो0) कंपनी लिमिटेड, पटना / प्रबंध निदेशक, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना / प्रबंध निदेशक, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना / सचिव, बिहार विद्युत विनियामक आयोग, बिहार, पटना / कम्पनी सचिव, बिहार स्टेट पावर (हो0) कंपनी लिमिटेड, पटना एवं आई0टी0 मैनेजर, ऊर्जा विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.09.26

सरकार के संयुक्त सचिव।